नई दिल्ली, मंगलवार
25 सितंबर 2018
ग्रेटर नोएडा
मूल्य ₹ 4.00
पृष्ठ 14+6=20

दैनिक जागरण

www.jagran.com
दिल्ली, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, उत्तराखंड, बिहार, झारखंड, पंजाब, जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और प. बंगाल से प्रकाशित

24 घंटे में ही 1000 गरीबों का मुफ्त इलाज 3
देश कमजोर तो जाति कैसे होगी मजबूत: योगी 4

एयरपोर्ट के लिए बनी कंपनी की पहली बोर्ड बैठक आज

जेवर एयरपोर्ट

विकास

- बैठक में कंपनी चेयरमैन की नियुक्त की जाएगी
- नोएडा, ग्रेनो और यमुना प्राधिकरण की सीईओ को बनाया गया निदेशक

जागरण संवाददाता, ग्रेटर नोएडा : प्रदेश सरकार ने जेवर एयरपोर्ट के लिए कंपनी का गठन कर दिया है। यह कंपनी नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (एनआइएएल) के नाम से बनाई गई है। कंपनी की पहली बोर्ड बैठक मंगलवार को लखनऊ में प्रदेश के मुख्य सचिव अनूप चंद्र पांडे की अध्यक्षता में होगी। बैठक में कंपनी चेयरमैन की नियुक्ति की जाएगी।

एयरपोर्ट निर्माण कंपनी के साथ होने वाले समझौते का प्रस्तुतीकरण बोर्ड बैठक में होगा। एनआइएएल कंपनी में प्रदेश सरकार एवं नोएडा प्राधिकरण की 37.5-37.5 फीसद व ग्रेटर नोएडा एवं यमुना प्राधिकरण की 12.5-12.5 फीसद की हिस्सेदारी है।

नोएडा, ग्रेटर नोएडा एवं यमुना प्राधिकरण के सीईओ को कंपनी बोर्ड में निदेशक बनाया गया है। प्रदेश सरकार एयरपोर्ट के लिए 1500 करोड़ रुपये जारी कर चुकी है। तीनों प्राधिकरण को भी कंपनी के लिए अपनी अंशधारिता के अनुसार पूंजी जुटानी होगी। कंपनी की पहली बैठक में इसके कामकाज पर विस्तार से चर्चा होगी।

बोर्ड निदेशकों के कार्य एवं अधिकार, कंपनी प्रबंधन के लिए अधिकारियों की नियुक्ति, कंपनी का बैंक खाता, प्रमोटर्स के साथ होने वाले एमओयू पर विचार विमर्श आदि होगा।

अभी तक प्रदेश सरकार ने यमुना प्राधिकरण को एयरपोर्ट के लिए नोडल एजेंसी की जिम्मेदारी सौंप रखी है। कंपनी के अस्तित्व में आने के बाद उसका एवं प्राधिकरण का कार्य क्षेत्र भी तय हो सकता है। पहली बोर्ड बैठक के साथ ही कंपनी की कार्रवाई शुरू हो जाएगी। बैठक में तीनों प्राधिकरण के सीईओ के अलावा इंफ्रास्ट्रक्चर एंड इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट विभाग के सचिव, वित्त सचिव भी शामिल होंगे।